# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI ( 2nd lang.) | Department: Hindi | Class work |
|---|---|---|
| पाठ 5 - मेरी माँ (आत्मकथा) | Topic - प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book. |

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न–**

प्रश्न 1. बिस्मिल को छोटी आयु में शिक्षा कौन देता था?
उत्तर= बिस्मिल को छोटी आयु में शिक्षा उनकी माताजी देती थीं।

प्रश्न 2. बिस्मिल जी ने अपनी आत्मकथा कहाँ लिखी थी?
उत्तर= बिस्मिल जी ने अपनी आत्मकथा जेल में लिखी थी।

प्रश्न 3. रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने कौन-सा लोकप्रिय गीत लिखा था?
उत्तर= रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने 'सरफ़रोशी की तमन्ना' गीत लिखा था।

प्रश्न 4. लेखक को किसका ऋण उतारने का अवसर नहीं मिला?
उत्तर= लेखक को अपनी माँ का ऋण उतारने का अवसर नहीं मिला।

प्रश्न 5. गुरु गोविंद सिंह जी की धर्मपत्नी ने अपने पुत्रों की मृत्यु की खबर सुनकर क्या किया?
उत्तर= उन्होंने अपने पुत्रों के बलिदान पर मिठाई बाँटी थीं।

**लघु उत्तरीय प्रश्न–**

प्रश्न 1. पिताजी द्वारा दीवानी मुकदमे की ज़िम्मेदारी रामप्रसाद बिस्मिल को सौंपने का क्या परिणाम हुआ?
उत्तर= पिताजी द्वारा दीवानी मुकदमे की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर बिस्मिल जी ने वकालतनामे पर पिताजी के झूठे हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। उन्होंने सत्य और ईमानदारी से काम किया।

प्रश्न 2. रामप्रसाद बिस्मिल की माता जी अपने खाली समय का सदुपयोग किस प्रकार करती थीं?
उत्तर= रामप्रसाद बिस्मिल की माता जी अपने खाली समय में धार्मिक पुस्तकें पढ़ती थीं और भगवान का भजन और पूजा करती थीं। इससे उनके मन को शांति मिलती थी|

प्रश्न 3. 'मेरी माँ' पाठ से विद्यार्थियों को क्या प्रेरणा मिलती है?
उत्तर= इस पाठ से हमें अपनी माँ का आदर और प्रेम करने की सीख मिलती है। अपनी मातृभूमि से प्रेम करने, उसकी सेवा करने और उसकी रक्षा करने की भी प्रेरणा मिलती है।

प्रश्न 4. बिस्मिल जी ने कौन-सी आत्मकथा लिखी? इसका क्या प्रभाव पड़ा?
उत्तर= बिस्मिल जी ने 'निज - जीवन की एक छटा' आत्मकथा लिखी| उनकी आत्मकथा से लोगों में देशभक्ति की भावना जागी| वे दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए तैयार हो गए|

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. रामप्रसाद बिस्मिल के जीवन में उनकी माता की क्या भूमिका थी?
उत्तर= रामप्रसाद बिस्मिल की माता उनके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण थीं। माता ने उन्हें अच्छे संस्कार दिए और हमेशा साहस और वीरता की सीख दी। उन्होंने हर कठिन समय में अपने बेटे का हौसला बढ़ाया। उन्होंने रामप्रसाद को देशप्रेम और देश की सेवा करने की प्रेरणा दी।

प्रश्न 2. अंग्रेजों ने बिस्मिल के साथ कैसा व्यवहार किया?
उत्तर= जब बिस्मिल का जन्म हुआ तब भारत पर अंग्रेजों का शासन था। बिस्मिल के मन में छोटी आयु से ही देश को आज़ाद कराने की भावना थी। वे अंग्रेज़ो से लगातार लड़ते रहे, बाद में उन्हें जेल भेज दिया। जेल में उन पर अनेक अत्याचार किए गए और अंत में 30 वर्ष की आयु में फाँसी पर चढ़ा दिया।

## व्याकरण भाग

**1. दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए।**

1. माता जी ने मुझे खर्च दे ही दिया।
उत्तर = मुझे
2. मैं बड़े उत्साह के साथ सेवा समिति में सहयोग देता था।
उत्तर = मैं
3. उन्होंने माता जी को गृहकार्य की शिक्षा दी।
उत्तर = उन्होंने
4. अपने जीवन में सदा सत्य का आचरण करता।
उत्तर = अपने
5. उस समय वह निंतांत अशिक्षित एक ग्रामीण कन्या के समान थीं।
उत्तर = उस, वह
6. माँ ने कहा – "तुम हमेशा सत्य बोलो।"
उत्तर = तुम
7. वह सदा मेरे सुख-दुःख में साथ रहीं।
उत्तर = वह, मेरे
8. बाहर से कोई मुझे आवाज़ दे रहा है।
उत्तर = कोई, मुझे
9. मेज पर कुछ रखा हुआ है।
उत्तर = कुछ
10. दरवाज़े पर कौन खड़ा है?
उत्तर = कौन

**अनुस्वार और अनुनासिक**

| 'अनुस्वार' चिह्न – बिंदी (ं) | 'अनुनासिक' चिह्न – चंद्रबिंदु (ँ) |
|---|---|
| **उदाहरण:** गंगा, संकल्प, चंदन, हिंदी | **उदाहरण:-** माँ, चाँद, गाँव, हँसी |

**2. दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार (ं) लगाकर शब्दों को फिर से लिखिए|**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अग्रेज़ | – | अंग्रेज़ | सकट | – | संकट |
| दड | – | दंड | तुरत | – | तुरंत |
| आरभ | – | आरंभ | सुदर | – | सुंदर |
| चद्रमा | – | चंद्रमा | चदन | – | चंदन |
| जगली | – | जंगली | स्वतत्रता | – | स्वतंत्रता |
| ससार | – | संसार | अबर | – | अंबर |

**3. दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक** (ँ) **लगाकर शब्दों को फिर से लिखिए|**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फ़ासी | – | फाँसी | शाहजहापुर | – | शाहजहाँपुर |
| डाट | – | डाँट | पाच | – | पाँच |
| मा | – | माँ | चाद | – | चाँद |
| गाव | – | गाँव | हसी | – | हँसी |
| आसू | – | आँसू | साप | – | साँप |
| चादी | – | चाँदी | पाव | – | पाँव |

.......................................................................

अनुच्छेद- मेरी माँ

मेरी माँ का नाम **सीमा** है। उनकी उम्र **38 वर्ष** है। उनका प्रिय रंग **नीला** है। वे मुझे बहुत प्यार करती हैं और हमेशा मेरा ध्यान रखती हैं। वे सुबह जल्दी उठती हैं और घर के सभी काम करती हैं। वे मेरे लिए स्वादिष्ट भोजन बनाती हैं और मेरी पढ़ाई में भी सहायता करती हैं। मेरी माँ बहुत मेहनती, दयालु और सरल स्वभाव की हैं। वे मुझे हमेशा सच बोलने की सीख देती हैं। जब मैं दुखी होता/होती हूँ, तो माँ मुझे समझाती हैं और मेरा हौसला बढ़ाती हैं। वे मेरी गलतियों को प्यार से समझाती हैं और सही रास्ता दिखाती हैं। मैं अपनी माँ का बहुत सम्मान करता/करती हूँ। मेरी माँ मेरे लिए भगवान का सबसे सुंदर उपहार हैं। मैं हमेशा उनकी बात मानने और उन्हें खुश रखने का प्रयास करता/करती हूँ।

*********************